सेवा तथा चरित्र प्रमाणपत्र का प्रारूप

दिनांकः .....

स्थानः .....

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री ———————————— पदनाम ————————————
आत्मज श्री ———————————— हमारी ईकाई में दिनांक ———————— से दिनांक ———————— तक/आज दिनांक तक निम्नलिखित बायलरों के प्रचालन और/या रखरखाव का कार्य कर रहे हैं/थे।

हमारी ईकाई में स्थापित बायलर/बायलरों का विवरण निम्नानुसार है :–

1. बायलर पंजीयन/मेकर कमांक :
2. बायलर का प्रकार :
3. वर्किंग प्रेशर (कि. ग्राम प्रति वर्ग से.मी.) :
4. तापन सतह/रेटिंग (वर्ग मीटर) :
5. अंतिम निरीक्षण दिनांक :
6. क्या बायलर बैटरी में जुड़े है :

हमारी जानकारी के अनुसार इनका चरित्र अच्छा है तथा इनकी जन्मतिथि ———————— है। यह प्रमाण–पत्र इनको छत्तीसगढ़ राज्य में आयोजित होने वाली बायलर प्रचालन इंजीनियर परीक्षा में सम्मिलित होने बाबत् प्रदान किया जा रहा है।

प्रमाणित किया जाता है कि :– (जो लागू न हो उसे काट देवें)

(अ) श्री ———————————— हमारी संस्था में उपरोक्त पद पर वास्तविक रूप से कार्यरत् है तथा इनका भविष्य निधि खाता कमांक ———————— है।

(ब) हमारी संस्था में आवेदक हेतु भविष्य निधि लागू नहीं है परन्तु श्री ———————— हमारी संस्था में उपरोक्त पद पर वास्तविक रूप से कार्यरत है तथा उनका वेतन एवं उपस्थिति का अभिलेख हमारी संस्था में उपलब्ध है। उपरोक्त अभिलेख जॉच/निरीक्षण हेतु मांगे जाने पर उपलब्ध करा दिया जावेगा।

बायलर अधिनियम 1923 की धारा 2(डी)
में घोषित बायलर मालिक/एजेन्ट का

प्रतिहस्ताक्षर .....
नाम .....
पदमुद्रा (सील) .....
मोबाइल नंबर .....

हस्ताक्षर .....
नाम .....
पदमुद्रा (सील) .....
मोबाइल नंबर .....

कार्यालय
मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ एवं
अध्यक्ष बायलर प्रचालन इंजीनियर परीक्षक मंडल, छत्तीसगढ़, रायपुर

विषयः– परीक्षार्थियों हेतु मार्गदर्शिका

सूचित किया जाता है कि बायलर प्रचालन इंजीनियर नियम, 2011 के अंतर्गत बायलर प्रचालन इंजीनियरिंग में प्रवीणता प्रमाण–पत्र प्रदान करने हेतु परीक्षा दिनांक **08.06.2015** से **11.06.2015** को भिलाई में आयोजित की जावेगी।

परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र निर्धारित प्रपत्र "क" पर सम्पूर्ण विवरण के तथा भाग–IV में परीक्षार्थी के हस्ताक्षर, अपने नियोक्ता (एम्प्लोयर)/राजपत्रित अधिकारी/मजिस्ट्रेट द्वारा प्रमाणित कर, **सचिव, बायलर प्रचालन इंजीनियर परीक्षक मंडल कार्यालय मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, जी.ई.रोड, आमापारा, पो. विवेकानंद आश्रम, रायपुर के कार्यालय** में दिनांक **07 अप्रैल 2015 या उसके पूर्व, पूर्ण रूप से भरकर सभी प्रपत्रों** के साथ साधारण डाक/पंजीकृतडाक/स्पीड पोस्ट द्वारा पहुंचना चाहिये। कोरियर, व्यक्तिगत या अन्य किसी माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

परीक्षार्थी निर्धारित आवेदन–पत्र (प्रपत्र "क") इस कार्यालय से स्वयं का पता लिखा 4 X 10 इंच साईज का लिफाफा जिस पर रू. 10 (अक्षरी रूपये 10 /– मात्र) के डाक टिकिट लगे हो, भेजकर प्राप्त कर सकते हैं। टिकिट लगा हुआ लिफाफा नहीं भेजने की स्थिति में फार्म नहीं भेजा जावेगा। आवेदन–पत्र (प्रपत्र "क") की छायाप्रति भी मान्य होगी। अतः आवेदन–पत्र की छायाप्रति में किया गया आवेदन तथा मार्गदर्शिका की छायाप्रति भी मान्य होगी।

आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है :–

1) निर्धारित परीक्षा शुल्क रूपये 1500/– छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित किसी भी शासकीय कोषालय में जमा करा कर मूल चालान संलग्न करें। चालान हेतु आयमद निम्नानुसार है :–

आयमद :–	0230	–	श्रम तथा रोजगार
	00	–	.. ..
	103	–	भाप बायलरों हेतु निरीक्षण शुल्क (राज्य)
	0000	–	.. ..

2) फार्म "क" के भाग I एवं II में समस्त प्रविष्टियों को पूर्ण करें।

3) फार्म "क" के भाग IV में परीक्षार्थी के हस्ताक्षर, अपने नियोक्ता(एम्प्लोयर)/राजपत्रित अधिकारी/मजिस्ट्रेट से प्रमाणित करावें।

4) फॉर्म "क" के भाग III में सेवा संबंधी समस्त जानकारी क्रमवार अंकित करें।

5) स्वयं के चार फोटो (50" X 65") जो हाल ही में निकाले गये हो एवं जिनमें से दो के पीछे परीक्षार्थी का हस्ताक्षर कर राजपत्रित अधिकारी या नियोक्ता से प्रमाणित हो।

6) सेवा तथा चरित्र प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार मूल रूप में आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करें। निर्धारित प्रारूप में सेवा तथा चरित्र प्रमाण–पत्र नही होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त/अमान्य कर दिया जावेगा।

7) निर्धारित प्रारूप में सेवा प्रमाण–पत्र दो अलग–अलग अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षित होना चाहिये जिसमें से एक अधिकारी धारा 2(डी) के अंतर्गत मालिक (जिनके नाम पर बायलर का प्रमाणपत्र जारी किया जाता है) होना अनिवार्य है। एक ही अधिकारी द्वारा सेवा प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर एवं प्रतिहस्ताक्षर अमान्य है।

8) शैक्षणिक योग्यता एवं आयु संबंधी प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें। सत्यापन स्वयं करें।

9) परीक्षक मंडल के निर्णय के अनुसार इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि को छत्तीसगढ़ में स्थित बायलरों पर कार्यरत व्यक्तियों को परीक्षा में प्रवेश दिया जावेगा तथा उनका **न्यूनतम कार्य अनुभव** छत्तीसगढ़ में स्थित बायलरों मे ही होना अनिवार्य है।अन्य राज्यों में स्थित बायलरों पर कार्यरत व्यक्तियों का कार्य अनुभव इस परीक्षा हेतु मान्य नहीं होगा।

10) सेवा में अधिकतम तीन माह का व्यवधान मान्य होगा। यदि सेवा में व्यवधान तीन माह से अधिक है तो उम्मीदवार को उक्त व्यवधान हेतु स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा–पत्र देना अनिवार्य होगा। घोषणा–पत्र संलग्न नहीं होने पर आवेदन–पत्र निरस्त किया जावेगा। घोषणा–पत्र की सत्यता हेतु उम्मीदवार स्वयं जवाबदार होगा।

11) उम्मीदवार की न्यूनतम आयु दिनांक **01–03–2015 को 23 वर्ष** पूर्ण होना चाहिये।

12) **शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होने के बाद न्यूनतम अनुभव की गणना की जावेगी।**

13) न्यूनतम अनुभव दिनांक **01–03–2015 की स्थिति में पूर्ण होना चाहिये।**

14) सेवा तथा चरित्र प्रमाण–पत्र के **अतिरिक्त आवेदन–पत्र** के साथ संलग्न अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों की मूल प्रमाण–पत्रों से जॉच परीक्षा स्थल पर **की जावेगी।**

15) आवेदन–पत्र (प्रपत्र क) अथा अन्य **प्रमाण–पत्रों में कांट–छांट** नहीं होना चाहिए। कांट–छांट होने की स्थिति में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।

16) परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता निम्नानुसार है :–

स. क.	शैक्षणिक योग्यता	न्यूनतम अनुभव	अनुभव का प्रकार
01	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मेकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/केमिकल/पावर प्लांट/ प्रोडक्शन इंजी./इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. में डिग्री।	02 वर्ष	न्यूनतम 1000 वर्ग मीटर हीटिंग सर्फेस ऐरिया (हिटिंग के बायलर का आपरेशन और/या मेंटेनेंस मे अनुभव) या बैटरी में जुड़े हुये बायलरों जिनका कुल हीटिंग सर्फेस एरिया 1000 वर्ग मीटर से कम न हो जिनमें से एक बायलर कम से कम 500 वर्ग मीटर हीटिंग सर्फेस ऐरिया का हो, आपरेशन और /या मेंटेनेंस में अनुभव।
02	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मेकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/केमिकल/पावर प्लांट/ प्रोडक्शन इंजी./इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. में डिप्लोमा।	05 वर्ष	
03	किसी मान्यता प्राप्त संस्था से मेकेनिकल /इलेक्ट्रिकल/केमिकल/पावर प्लांट/ प्रोडक्शन इंजी./इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. में डिग्री एवं एन.पी.टी. आई. से पी.जी. डिप्लोमा।	01 वर्ष	
04	एन. पी. टी. आई. से डिग्री	01 वर्ष	

17) **बायलर प्रचालन इंजीनियर नियम–2011 के अनुसार अनुभव के आधार पर लिखित परीक्षा के किसी विषय से छूट का प्रावधान नही है। समस्त आवेदकों को लिखित परीक्षा के तीनो विषयों (बायलर इंजीनियरिंग– I, बायलर इंजीनियरिंग–II तथा इंजीनियरिंग ड्राइंग) में शामिल होना अनिवार्य है।**